Title: Need for a metro rail system in Jaipur, Rajasthan - Laid.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर): अध्यक्ष महोदय, राजस्थान एक बड़ा प्रदेश है। राजस्थान की राजधानी जयपुर में दिन-प्रतिदिन यातायात बढ़ रहा है। जन-साधारण को बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। यातायात घंटों तक जाम रहता है। यातायात को अच्छा बनाने के लिए जयपुर में भी दिल्ली की तरह मैट्रो रेल वे को प्रारंभ किया जाना बहुत जरूरी है।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इस योजना को प्रारंभ करके राजस्थान की जनता को यातायात की एक बहुत बड़ी सुविधा देकर जनता का समय एवं व्यय बचाया जा सकता है।